**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**0000**

**000**

**00**

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की मैहला पंचायत में आयोजित किसान मेला व नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा नशे के विरोध में निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। किसान मेले के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा किसानों और बागवानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

**प्रधानमंत्री वापसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू–कश्मीर में आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंच गए। दो दिन की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब द्वारा आयोजित आधिकारिक रात्रि भोज में भी भाग नहीं लिया। उन्हें आज रात को वापस आना था। सउदी अरब से लौटने के तुरंत बाद, प्रधानमंत्री ने दिल्ली हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार.विमर्श किया।

**शोक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी श्रीनगर के पहलगांव में कल हुए आतंकी हमले पर दुख जताते हुए इसे मानवता पर सीधा आघात बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्रीनगर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वंय श्रीनगर पहुंचे हैं और इस कार्रवाई में संलिप्त आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नैशनल हेराल्ड अखबार को विज्ञापन देने के मामले पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपनी विचारधारा के समाचार पत्रों को करोड़ों रूपए के विज्ञापन दिए हैं। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के पास इस विषय पर कांग्रेस से सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है। अग्निहोत्री ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार का आज़ादी की लड़ाई में अहम योगदान रहा है।

**जयराम**

उधर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नैशनल हेराल्ड का मामला तथ्यों सहित देश के सामने है और कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपना कर इसका सम्मान करते हुए जवाब देना चाहिए। कल देर शाम कुल्लू में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने ये बात कही। नेता प्रतिपक्ष के कहा कि पीजीआई चंडीगढ़ में हिम केयर योजना के तहत ईलाज नहीं हो पा रहा है लेकि नैशनल हेराल्ड को दान देने के लिए प्रदेश सरकार के पास पैसा है।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अप्रैल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार अथवा विषयों को लेकर लोग 25 अप्रैल तक प्रधानमंत्री को संदेश व सुझाव भेज सकते हैं। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**अवैध खनन**

सोलन जिले के नालागढ़ उपमंडल के तहत अंदरोला व रामपुर गुज्जरा खड्ड में पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी के दौरान 7 जे सी बी और 10 टिप्पर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए हैं। इनमें से 2 जे सी बी पंजाब नंबर की पाई गई हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त कर लिया गया है।